रणजीत टाइम्स

इंदौर

गुरुवार, 12 नवम्बर, 2026

वर्ष 02 | अंक 267 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

इंदौर फिर बना सिरमौर...

अब देश को स्वच्छता का पाठ पढ़ा रहा शहर



मोस्ट इंस्पायरिंग सिटी में सर्वाधिक अंक हासिल कर बनाई पहचान, वन सिटी-वन अवॉर्ड में देशभर में दूसरा स्थान इंदौर की स्वच्छता जोड़ी देपालपुर 1710वीं रैंक से पहुंची नंबर वन, 25 हजार आबादी वाली श्रेणी में हासिल किया पहला स्थान

इंदौर। इंदौर ने एक बार फिर यही साबित किया है। स्वच्छता के क्षेत्र में मोस्ट इंस्पायरिंग सिटी के रूप में सर्वाधिक अंक हासिल कर इंदौर ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई है। वहीं, वन सिटी-वन अवॉर्ड के तहत स्वच्छता जोड़ी पहल में देशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है।

इस उपलब्धि की सबसे खास बात यह है कि इंदौर के मार्गदर्शन में जुड़ा देपालपुर अपनी श्रेणी में देश का नंबर वन शहर बन गया है। पिछले सर्वेक्षण में 1710वीं रैंक पर रहे देपालपुर ने लंबा सफर तय कर यह मुकाम हासिल किया। राष्ट्रीय मंच पर इंदौर की स्वच्छता यात्रा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी इंदौर को इंस्पायरिंग सिटी के रूप में रेखांकित किया। यह इंदौर के लिए इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब उसकी पहचान केवल खुद स्वच्छता में उपलब्धियां हासिल करने वाले शहर की नहीं, बल्कि दूसरे शहरों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करने वाले मॉडल की भी बन रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इस उपलब्धि का श्रेय पूरे इंदौर को देते हुए सफाई मित्रों, नगर निगम के सात हजार से अधिक कर्मचारियों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शहर की जनता और मीडिया के साथियों का आभार जताया।

उन्होंने देपालपुर की जनता, वहां के सफाई मित्रों और जनभागीदारी मॉडल से जुड़े सभी लोगों को भी इस सफलता का सहभागी बताया। उनका कहना है कि यह किसी एक व्यक्ति या संस्था का सम्मान नहीं, बल्कि दोनों शहरों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

UP विधानसभा चुनाव में 70 से ज्यादा सीटों पर प्रचार करेंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन



भोपाल। इसमें कोई दोमत नहीं है कि देश की राजनीति का भविष्य तय करने वाला एक बड़ा केंद्र उत्तर प्रदेश है। 403 विधानसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश के राजनीतिक रण में सभी दलों ने अपना बिगुल फूंक दिया है। तीखे बयानों की जंग और ताबड़तोड़ रैलियों से चुनावी माहौल गर्माने लगा है। इस बीच, यूपी चुनावों में बीजेपी के लिए मध्य प्रदेश का प्रभाव सबसे खास और भारी दिखाई देने वाला है। इसकी मुख्य वजह उत्तर प्रदेश के निर्णायक यादव वोटर्स के समीकरण को साधने के लिए एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का राजनीतिक प्रभाव और उनकी लोकप्रियता है।दरअसल उत्तर प्रदेश में यादव मतदाता सत्ता की चाबी की भूमिका अदा करते हैं। यूपी की कुल आबादी करीब 24 करोड़ है, जिसमें अकेले यादव समुदाय की संख्या ढाई करोड़ के आसपास है।

यादव समुदाय 23 फीसदी से भी ज्यादा हिस्सेदारी रखता है। ऐसे में यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी के केंद्रीय संगठन ने मध्य प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के कंधों पर एक अहम जिम्मेदारी सौंपने की पूरी तैयारी कर ली है। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक योजना के तहत सीएम डॉ. मोहन यादव की 70 से ज्यादा सभाओं और रैलियों का खाका तैयार किया जा रहा है। देश की सियासत में अब सीएम मोहन यादव का कद और प्रभाव तेजी से बड़ा होता नजर आ रहा है।मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर गौर करें तो उत्तर प्रदेश की योगी कैबिनेट में वर्तमान में सिर्फ एक ही राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव ही यदुवंशी हैं।

वहीं, बीजेपी की राष्ट्रीय स्तर की सीनियर ब्रिगेड में इस वर्ग से राजस्थान से भूपेंद्र यादव, हरियाणा से राव इंद्रजीत, बिहार से नित्यानंद राय और झारखंड से अन्नपूर्णा देवी जैसे नाम शामिल हैं। लेकिन यदि मुख्यमंत्रियों की बात की जाए तो वर्तमान में देश भर में यादव समुदाय से आने वाले डॉ. मोहन यादव इकलौते यदुवंशी मुख्यमंत्री हैं।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान पार्टी के लिए पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को जोड़ने में बेहद अहम भूमिका निभाई है।

सिंधिया ने कांग्रेस को क्यों दी ज्योतिषी बदलने की सलाह?

सोनिया गांधी की किताब पर कह दी बड़ी बात

ग्वालियर। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर चंबल अंचल के चार दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आगामी पांच राज्यों के चुनावों को लेकर कांग्रेस की भविष्यवाणी पर तंज कसा। सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस कई सालों से गलत ज्योतिषी के संपर्क है।

इसलिए सभी भविष्यवाणी फेल हो जाती है। वहीं सोनिया गांधी की किताब से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा नो कमेंट ... आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर एयरपोर्ट पर पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं



ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान आगामी पांच राज्यों में जनवरी में संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा किए जा रहे जीत के दावे से जुड़े सवाल पर सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसा। सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस हर साल नए साल पर नया आगाज करती है। भगवान के आशीर्वाद से हर साल नए साल का आगाज पृथ्वी पर होता है। वहीं कांग्रेस की जो सदैव भविष्यवाणी होती है, शायद गलत ज्योतिष के पास कई वर्षों से कांग्रेस जा रही है। उन्हें अपने ज्योतिष को बदलने की जरूरत है।

शराब पीने से रोका तो युवक ने पानी की टंकी से लगाई छलांग, दर्दनाक मौत



भोपाल के गुनगा गांव में घरेलू विवाद के बाद 20 वर्षीय शंकर अहिरवार ने उठाया आत्मघाती कदम शराब पीने को लेकर परिजनों से हुआ था विवाद गुस्से में युवक गांव के पास बनी पानी की टंकी पर चढ़ा भाई ने टंकी पर चढ़कर बचाने की कोशिश की, लेकिन नहीं रोक पाया हादसा टंकी से छलांग लगाने के बाद युवक की मौत मृतक की पहचान शंकर अहिरवार, पिता पदम अहिरवार के रूप में हुई गुनगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाना प्रभारी रिंकू सिंह जाटव के अनुसार मामले की जांच जारी

दिवंगत रामेश्वर पटेल को दी श्रद्धांजलि

श्री पटेल ने स्नेही, मित्रों और मीडियाकर्मियों संग मनाया दीपोत्सव

रणजीत टाइम्स
ranjeettimes.com

इंदौर। गीता रामेश्वर ट्रस्ट एवं मालवा विकास परिषद द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह का भव्य आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय पूर्व सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के निवास पर किया गया। इस अवसर पर सभी स्नेहीजनों, मित्रों और मीडियाकर्मियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और पर्व की खुशियां साझा कीं। समारोह के दौरान सभी ने पूर्व मंत्री स्वर्गीय रामेश्वर पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी कृतज्ञता व श्रद्धांजलि अर्पित की। इस आयोजन में विशेष रूप से राधेश्याम पटेल, जगदीश शर्मा, ओमप्रकाश



जोशी, समाजसेवी मदन परमालिया, चेतन चौधरी, राजेंद्र मालवीय, बंटी राठौर, सुरेश चौधरी, शक्ति सिंह गोयल, राहुल पटेल, विनोद पटेल, नरेंद्र सूर्यवंशी, जगदीश जोशी, प्रतिश राजू, मिथलेश जोशी, जगदीश सत्तैया, पप्पू नेताजी और अनुज भंडारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर दीपावली का पर्व उत्साह के साथ मनाया।

विदिशा पुलिस द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोबार एवं मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ऑपरेशन क्लीन स्वीप के अंतर्गत लगातार कार्रवाई की जा रही है



धर्मेन्द्र गुप्ता

इसी क्रम में थाना करारिया चौराहा पुलिस ने 06 पेटी देशी मदिरा मसाला शराब कुल 54 बल्क लीटर कुल कीमती 31,800/- रूपये व 01 ब्राउन रंग की एक्टिवा स्कूटी क्र. MP 40 S 9998 कीमती करीब 40,000/- रूपये कुल मशरूका कीमती लगभग 71,800/-रुपये जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की है। बरामद मशरूका 06 पेटी देशी मदिरा मसाला शराब कुल 54 बल्क लीटर कुल कीमती 31,800/- रूपये व 01 ब्राउन रंग की एक्टिवा स्कूटी क्र. MP 40 S 9998 कीमती करीब 40,000/- रूपये कुल मशरूका कीमती लगभग 71,800/-रुपये 1.अजय शर्मा पुत्र अशोक शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम देवखजूरी थाना करारिया 02.हर्ष कुशवाह पुत्र बब्लू कुशवाह उम्र 22 वर्ष

निवासी रीठा फाटक विदिशा- मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी थाना करारिया चौराहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटरा के पास करारिया शमशाबाद रोड पर एक ब्राउन रंग की स्कूटी पर शराब ले जाने की मुखबिर सूचना पर हमराह फोर्स की मदद से स्कूटी को घेराबंदी कर ग्राम कोटरा के पास शमशाबाद मैन रोड पर पकडा स्कूटी एक्टिवा MP 40 S 9998 पर देशी मदिरा मशाला शराब 06 पेटी कुल 300 क्वार्टर कुल 54 बल्क लीटर कीमती करीब 31,800/-रूपये रखे पाये जाने से दोनों आरोपीगण को गिरफ्तार किया जाकर वैधानिक कार्यवाही की गई । अपराध क्रं. 313/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।पुलिस अधीक्षक विदिशा श्री रोहित काशवानी द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को मादक पदार्थों के अवैध कारोबार एवं अवांछनीय गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री सुरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करारिया चौराहा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सीमा राय प्रआर 159 अजय गर्गप्रआर 718 अशोक मीना प्र आर 733 अमित मिश्रा आर 500 हर्ष सागरआर 507 पंकज त्यागी आर 771 रामशरण आर 224 मनोज शाक्य म आर 647 अंकिता शर्मा की विशेष भूमिका रही। टीम की सतर्कता, त्वरित कार्यवाही एवं समन्वित प्रयास से यह सफलता प्राप्त हुई।

हम सभी मनुष्य आत्माओं के परमात्मा पिता का ही दूसरा नाम यमराज भी है हम उसे बंधु रूप में याद करते हैं- ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी

परमपिता परमात्मा को भाई मानकर चलना ही सदा सुखी रहना है

धर्मेन्द्र गुप्ता

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा भाई दूज का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें रुक्मणी दीदी ने भाई दूज का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि दीपावली पर्व के बाद भाई दूज का पर्व मनाया जाता है जिसमें बहन भाई की लंबी उम्र के लिए भाई को तिलक लगाकर ईश्वर से प्रार्थना करती है। हमने भक्ति मार्ग में भगवान को कहा त्वमेव माता च पिता त्वमेव, त्वमेव बन्धु च सखा त्वमेव, भावार्थ यह है कि भगवान को माता-पिता तो माना ही, सखा और भाई भी माना। एक समय था जब हम आत्माएं और बंधु रूप परमात्मा इकट्ठे एक ही घर परमधाम में रहते थे। हम सभी मनुष्य आत्माओं के परमात्मा पिता का ही दूसरा नाम यमराज भी है हम उसे बंधु रूप में याद करते हैं। इस पर्व के संबंध में एक कथा प्रचलित है कहते हैं यमुना और यम दोनों बहन भाई थे। यम को यमपुरी में आत्माओं के कर्मों के हिसाब किताब देखने और कर्म अनुसार फल देने की सेवा मिली यमुना अपने भाई यम को घर आने का निमंत्रण देती रहती थी। यमराज को रोज ही आत्माओं का लेखा-जोखा करना होता था। एक दिन भाई आने को वचनबद्ध हो गया। भाई को घर आया देख यमुना की खुशी का ठिकाना ना रहा बड़े ही प्यार से शुद्धिपूर्वक उन्हें भोजन करवाया। बहन के निश्चल स्नेह से प्रसन्न होकर यमराज ने वर मांगने को कहा यमुना ने कहा मैं सब रीति से भरपूर हूं मुझे कोई कामना नहीं है यम ने कहा बिना कुछ दिए में जाना नहीं चाहता बहन ने कहा हर वर्ष इस दिन आप मेरे घर आकर भोजन करें मेरी तरह जो भी बहन अपने भाई को स्नेह से बुलाए स्नेह से सतकार करें उसे आप सजाओं से मुक्त करें। यमराज ने तथास्तु कहा और यमुना को वस्त्र आभूषण देकर वापस लौट आए। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि यम का एक अर्थ यह भी है कि वह आत्माओं के कर्मों का हिसाब किताब करते हैं और दूसरा अर्थ नियम संयम का ज्ञान देते हैं दोनों ही कर्तव्य परमात्मा के हैं आधा कल्प के बाद द्वापर युग से हम आत्माएं अपने पिता परमात्मा को सभी रूपों में, भाई रूप में भी याद करती आई हैं और पृथ्वी लोक में आ पधारने का निमंत्रण देती आई है परंतु वह समय भक्ति काल का होता है परमात्मा पिता के धरती पर अवतरण का नहीं। कलयुग के अंत में जब पाप की अती हो जाती है।

रणजीत टाइम्स

सहजयोग : ब्रह्मांडीय स्पंदनों और सुप्त शक्तियों की जागृति का विज्ञान

संपूर्ण ब्रह्मांड की संरचना में दो प्रकार के तत्वों की महत्वपूर्ण भूमिका मानी गई है- जैविक और अजैविक। भारतीय आध्यात्मिक परंपरा के अनुसार ये दोनों तत्व आदिशक्ति के स्वरूपों, श्री लक्ष्मी और श्री सरस्वती, द्वारा संचालित होते हैं। श्री लक्ष्मी जहां श्री विष्णु की शक्ति के रूप में पदार्थ और समृद्धि का प्रतिनिधित्व करती हैं, वहीं श्री सरस्वती ज्ञान, नाद और चेतना की अधिष्ठात्री हैं।

पदार्थ और शब्द, दोनों ही मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं, किंतु आदिशक्ति के तीसरे स्वरूप महाकाली की माया के कारण मनुष्य इनकी बाहरी परतों में उलझा रहता है। पदार्थों का आकर्षण उसे स्थूलता तक सीमित रखता है, जबकि शब्दों की माया व्यक्ति को प्रिय-अप्रिय, सफल-असफल तथा भ्रम और द्वंद्व में बांधे रखती है। शास्त्रों में शब्दों को तीन स्तरों पर वर्णित किया गया है -वे शब्द जिन्हें हम बोलते और सुनते हैं, वे जो केवल भीतर सुनाई देते हैं, जैसे विचार, स्मृतियां और कल्पनाएं, तथा मानस स्तर के सूक्ष्म स्पंदन, जहां वर्ण और चेतना का अनुभव होता है।



मनुष्य प्रायः दूसरे प्रकार के शब्दों-विचारों और मानसिक प्रतिक्रियाओं से प्रभावित और भ्रमित होता रहता है। वस्तुओं को देखकर उत्पन्न इच्छाएं ही विचार और शब्दों का रूप लेती हैं। भारतीय दर्शन के अनुसार वास्तविक ज्ञान न तो उत्पन्न किया जा सकता है और न ही नष्ट। वह जन्म से ही मनुष्य के भीतर विद्यमान रहता है। जैसे-जैसे आत्मा और चेतना के बीच की दूरी कम होती है, वैसे-वैसे यह ज्ञान प्रकट होने लगता है। तब साधक सूक्ष्म शरीर के चक्रों पर वर्णों और स्पंदनों का अनुभव करता है, जो ब्रह्मांडीय नाद से जुड़कर गहन आत्मबोध का मार्ग खोलते हैं। जिसे स्वयं का ज्ञान नहीं होता, उसका बाहरी ज्ञान भी अधूरा और भ्रमपूर्ण रह सकता है। हम अक्सर दूसरों के अनुभवों को ही ज्ञान मान लेते हैं, जबकि वास्तविक खोजकर्ता वही है जो स्वयं अनुभव और आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करे। श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा स्थापित सहजयोग आत्मसाक्षात्कार और ब्रह्मानुभूति का एक सहज एवं वैज्ञानिक मार्ग है।

जलसंकट से निपटने 100 बोरिंग खोदेगा निगम, भूजल बचाने का जवाब नहीं

पहले चरण में 5 से 8 स्थानों पर खुदाई शुरू, टैंकरों पर निर्भरता खत्म करने की तैयारी

इंदौर। शहर में गहराते जलसंकट से निपटने के लिए नगर निगम अब 100 नए बोरिंग खोदने जा रहा है। एमआईसी की मंजूरी के बाद सर्वे के आधार पर काम शुरू कर दिया गया है। पहले चरण में 5 से 8 स्थानों पर बोरिंग किए जा रहे हैं। सवाल यह है कि जब निगम एक ओर भूजल बचाने और वर्षा जल संचयन के लिए अभियान चला रहा है, तो दूसरी ओर 100 नए बोरिंग कर भूजल का दोहन कितना उचित है?

शहर के कई वार्डों में नर्मदा का पानी पर्याप्त नहीं पहुंच रहा है। पुराने सरकारी बोरिंग बंद पड़े हैं और कॉलोनियों में टैंकरों के भरोसे जलापूर्ति



हो रही है। वर्षों से स्थायी समाधान नहीं होने के कारण अब नए बोरिंग को राहत का विकल्प बनाया जा रहा है। पार्षदों की शिकायतों और जलकार्य विभाग के सर्वे के आधार पर स्थान चिह्नित किए जा रहे हैं। तालाबों के आसपास सहित अलग-अलग क्षेत्रों में पानी मिलने की संभावना तलाशी जा रही है। लेकिन सिर्फ बोरिंग खोदना जलसंकट का स्थायी समाधान नहीं है। भूजल का स्तर पहले ही चिंता का विषय है। ऐसे में पानी निकालने के साथ उसके पुनर्भरण की व्यवस्था नहीं हुई तो आने वाले समय में संकट और गंभीर होगा। अपर आयुक्त आशीष पाठक के मुताबिक, सर्वे रिपोर्ट के आधार पर बोरिंग कराए जा रहे हैं। शुरुआती चरण में 5 से 8 स्थानों पर काम चल रहा है। अन्य स्थानों पर रिपोर्ट मिलने के बाद काम शुरू होगा।

कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया गिरफ्तार, जेल भेजा

चोइथराम अस्पताल में बच्चे के इलाज के दौरान रिश्तेदार से विवाद और मारपीट का आरोप, राजेंद्र नगर पुलिस ने दर्ज किया था केस



इंदौर। चोइथराम अस्पताल में बच्चे के इलाज के दौरान हुए पारिवारिक विवाद के मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने शहर कांग्रेस प्रवक्ता लोकेश हार्डिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लोकेश के रिश्तेदार अमित हार्डिया ने उनके खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार, सुमित हार्डिया का बेटा आराध्य नहाते समय गर्म पानी से झुलस गया था। इसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए चोइथराम अस्पताल लेकर पहुंचे थे। 10 नवंबर को दोपहर करीब 3 बजे सुमित के भाई अमित हार्डिया भी अपने भतीजे के साथ अस्पताल पहुंचे। इसी दौरान लोकेश हार्डिया भी वहां पहुंच गए। बच्चे की देखभाल को लेकर अमित और बच्चे की मां के बीच बातचीत के दौरान लोकेश और अमित के बीच विवाद हो गया। अमित की शिकायत के मुताबिक, विवाद के दौरान लोकेश ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में पारसी मोहल्ला स्थित घर पर भी पहले विवाद और अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के आधार पर राजेंद्र नगर पुलिस ने लोकेश हार्डिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की। बुधवार सुबह पुलिस ने उन्हें शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज को मिली पीजी की 39 नई सीटों की सौगात

इंदौर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज को विभिन्न विभागों में पीजी की 39 नई सीटों की स्वीकृति मिली है। इसके साथ ही अब संस्थान में पीजी सीटों की कुल संख्या बढ़कर 322 हो गई है। खास बात यह है कि सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में एमजीएम प्रदेश में सबसे ज्यादा पीजी सीटों वाला संस्थान बन गया है। वहीं, कॉलेज में 13 सुपर स्पेशियलिटी सीटें भी उपलब्ध हैं।

दरअसल, एमजीएम मेडिकल कॉलेज को एनाटॉमी, कम्युनिटी मेडिसिन, डर्मेटोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी, साइकियाट्री, जनरल सर्जरी और ऑर्थोपेडिक्स विभाग में कुल 39 नई पीजी सीटें मिली हैं। इनमें कम्युनिटी मेडिसिन की 12, पैथोलॉजी की 9, ऑर्थोपेडिक्स की 5 और जनरल सर्जरी की 4 सीटें शामिल हैं। वहीं अन्य विभागों में भी सीटों की संख्या बढ़ाई गई है।

नई सीटों की स्वीकृति से मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों के प्रशिक्षण और चिकित्सा शिक्षा को नई मजबूती मिलेगी। अधिक संख्या में



मेडिकल स्नातकों को विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही कॉलेज में रिसर्च, क्लीनिकल ट्रेनिंग और आधुनिक उपचार पद्धतियों के अध्ययन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस उपलब्धि का सीधा फायदा आने वाले समय में मरीजों को भी मिलने की उम्मीद है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की संख्या बढ़ने से संबद्ध अस्पतालों में उपचार व्यवस्था मजबूत होगी। खासतौर पर सर्जरी और अन्य विशेषज्ञ विभागों में चिकित्सकीय सेवाओं का विस्तार होगा। इससे मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने और प्रतीक्षा समय कम करने में मदद मिल सकती है।

डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए ऐतिहासिक बताया है। उनका कहना है कि पीजी सीटों में वृद्धि कॉलेज की शैक्षणिक क्षमता और विभागों की कार्यक्षमता का परिणाम है। संस्थान का उद्देश्य केवल चिकित्सा शिक्षा का विस्तार करना नहीं, बल्कि बेहतर प्रशिक्षण के जरिए प्रदेश को अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक देना और आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में अब 322 पीजी और 13 सुपर स्पेशियलिटी सीटें हो गई हैं। यह उपलब्धि न केवल इंदौर बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है। आने वाले समय में इसका लाभ चिकित्सा शिक्षा, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के रूप में देखने को मिलेगा।



सीएम डॉ. यादव ने स्व. सुंदरलाल पटवा की जयंती पर दी पुष्पांजलि



भोपाल (नप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स पर कहा कि स्व. पटवा का सार्वजनिक जीवन सेवा, दृढ़ संकल्प और कर्मठता की प्रेरणा देता है। मध्यप्रदेश के विकास में उनका योगदान और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सदैव स्मरणीय रहेगी।

मुख्यमंत्री निवास पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सुंदरलाल पटवा से उनका व्यक्तिगत परिचय रहा। वे हमारे प्रदेश के पार्टी अध्यक्ष भी रहे। एक कुशल संगठनकर्ता और प्रारंभिक दौर से ही विजय प्राप्त करने वाले विलक्षण व्यक्तित्व के धनी स्व. श्री पटवा का जीवन हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने संगठन का संचालन भी पूरी आत्मीयता और समर्पण के साथ किया। वे बेहद सहज, सरल और मस्तमौला स्वभाव के व्यक्ति थे। वहीं अपनी प्रशासनिक दक्षता से उन्होंने अपने निर्णयों और कार्यशैली से एक विशिष्ट पहचान भी बनाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. बाबूलाल गौर को वीआईपी रोड के निर्माण के लिए खुली छूट देने में स्व. पटवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वीआईपी रोड के निर्माण में स्व. पटवा और स्व. गौर की जोड़ी का बड़ा योगदान रहा। मुख्यमंत्री ने स्व. पटवा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वास्तव में हम सब सदैव उनका स्मरण करते हैं। हमारी सरकार स्व. पटवा के दिखाये जनसेवा एवं विकास के मार्ग पर दृढ़ता के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पटवा पहली बार षष्ठम विधानसभा में 20 जनवरी 1980 से 17 फरवरी 1980 तक तथा दूसरी बार नवम विधानसभा में 5 मार्च 1990 से 15 दिसम्बर 1992 तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के पद पर पदासीन रहे।

उत्तराखंड के सीएम ने शिवराज की मां को दी श्रद्धांजलि

सोनिया गांधी की किताब पर पुष्कर सिंह धामी बोले- कई घटनाओं का जिक्र नहीं है

भोपाल (नप्र)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशीबाई चौहान के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भोपाल पहुंचे। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के निवास पर उनसे मुलाकात की। इस दौरान



दिवंगत काशीबाई चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। शिवराज सिंह चौहान की माताजी के निधन पर धामी ने कहा कि कुछ ही दिनों में अचानक उनका स्वास्थ्य बिगड़ा और उनका निधन हो गया। उन्होंने दिवंगत काशीबाई को ईश्वर के श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजन को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा, 'ओम शांति।' शिवराज सिंह चौहान की माताजी काशीबाई चौहान का पिछले दिनों भोपाल एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया था। इसके बाद से राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक जगत की प्रमुख हस्तियां लगातार चौहान परिवार के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त कर रही हैं।

मप्र के 17 शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे

पचमढ़ी से भी ठंडे भोपाल-जबलपुर; अमरकंटक में सबसे ज्यादा ठंड

भोपाल (नप्र)। मध्य प्रदेश के 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। अमरकंटक और करौंदी में पारा 12 डिग्री से नीचे चल रहा है। भोपाल-जबलपुर प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन



पचमढ़ी से भी सर्द हैं। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, अगले 4 दिनों के अंदर न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इधर, दिवाली के बाद प्रदेश की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। भोपाल और उज्जैन में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 400 के पार पहुंच गया है। ऐसा पांच साल में तीसरी बार हुआ है। ग्वालियर, इंदौर, देवास, जबलपुर, मंडीदीप, सिंगरौली, पीथमपुर, कटनी समेत अन्य शहरों में भी एक्यूआई बढ़ा है। ऐसे में रात 8 बजे के बाद ही शहरों में धुंध छा जाती है। सुबह के समय हल्का कोहरा छा रहा है।

मप्र को 9 पुरस्कार की उम्मीद; देपालपुर की जोड़ी से इंदौर आगे, आदमपुर खंती से पिछड़ी राजधानी

स्वच्छता सर्वेक्षण से भोपाल बाहर, 4 शहरों को अवॉर्ड



भोपाल (नप्र)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के नतीजे बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में घोषित होंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय स्वच्छता पुरस्कार प्रदान करेंगी।

इस बार मध्य प्रदेश को कुल 9 पुरस्कार मिलने की उम्मीद है। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर के साथ बुधनी, देपालपुर, देवास और सागर भी सम्मानित होंगे।

हालांकि, प्रदेश की राजधानी भोपाल इस बार पुरस्कारों की दौड़ से बाहर है। पिछली बार 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में देश में दूसरे स्थान पर रहे भोपाल को इस बार समारोह का न्योता तक नहीं मिला है।

इस बार बड़ी श्रेणी के पांच शहरों में भोपाल शामिल नहीं है। वहीं, सुपर स्वच्छ लीग में इंदौर और देपालपुर की जोड़ी को पुरस्कार मिल सकता है।

दोनों शहरों को समारोह में शामिल होने का बुलावा मिला है, जबकि भोपाल और बैरसिया को आमंत्रित नहीं किया गया। ऐसे में इंदौर को सबसे स्वच्छ शहर के साथ स्वच्छ शहर जोड़ी का पुरस्कार भी मिल सकता है।

43 संकेतों का आकलन किया

शहरी निकायों का 10 प्रमुख क्षेत्रों के 43 संकेतकों पर आकलन किया गया। इनमें कचरे का पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण और परिवहन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच, सीवेज प्रबंधन, नागरिकों की भागीदारी और सफाई कर्मचारियों का कल्याण शामिल हैं। देशभर में 3 हजार से अधिक प्रशिक्षित मूल्यांकनकर्ताओं ने मौके पर जाकर शहरों की स्थिति जांची। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और जीपीएस आधारित निगरानी से की गई।

सात साल की मेहनत के बाद टॉप-2, अब दौड़ से बाहर

भोपाल ने लगातार सात साल की मेहनत के बाद पिछली स्वच्छता रैंकिंग में देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का मुकाम हासिल किया था। लेकिन इस बार शहर को राष्ट्रीय पुरस्कारों की दौड़ में जगह नहीं मिली। इसकी बड़ी वजह आदमपुर छावनी में जमा करीब 5 लाख टन पुराने कचरे का निपटान नहीं होना माना जा रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण चल रहा है। जिम्मेदारों के मुताबिक, स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान शहरों की मैदानी स्थिति जांचने के लिए तीन टीमें आनी थीं। जून-जुलाई में पहली टीम ही भोपाल पहुंची, लेकिन दूसरी टीम का इंतजार होता रहा।

4751 से अधिक शहरों का 43 संकेतकों पर हुआ मूल्यांकन

स्वच्छ सर्वेक्षण का यह 10वां संस्करण है। इसमें देशभर के 4751 से अधिक शहरों का मूल्यांकन किया गया है। नई दिल्ली में होने वाले समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल और राज्य मंत्री तोखन साहू भी मौजूद रहेंगे। इस बार सर्वेक्षण की थीम 'स्वच्छता की नई पहल- बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ' रखी गई थी।

बेटा खून से लथपथ पड़ा था..मां गुहार लगाती रही

बेहोश होने के बाद भी युवक को पत्थर मारते रहे 8 आरोपी; भोपाल में हत्या का वीडियो

भोपाल (नप्र)। भोपाल के इब्राहिमगंज में दिवाली की रात पटाखे फोड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी झड़प में बदल गया। दो पक्षों के बीच पहले मारपीट हुई, फिर 8 लोगों ने अनिकेत खटीक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल अनिकेत की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

अब घटना के दो वीडियो सामने आए हैं। इनमें अनिकेत खून से लथपथ जमीन पर पड़ा दिखाई दे रहा है। उसकी मां बेटे को बचाने की गुहार लगा रही है। इस दौरान आरोपी पक्ष के लोग मां को गालियां देते और उन पर पत्थर फेंकते नजर आ रहे हैं।

पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि छह आरोपी



अब भी फरार हैं। उनकी तलाश के लिए एसआईटी गठित की गई है। घायल अनिकेत की सोमवार तड़के सुबह 5 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, दीपावली की रात आरोपी अपने घर के सामने पटाखे फोड़ रहे थे। इस दौरान पटाखों की वजह से नाली और कीचड़ के छींटे अनिकेत के घर की तरफ चले गए। इस पर अनिकेत के परिवार ने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। पहले दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज हुई, फिर मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया।

हमले में अनिकेत और उसकी मां सुनीता गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान अनिकेत की मौत हो गई। अनिकेत की मां की हालत फिलहाल स्थिर है। घटना के दो वीडियो सामने आए हैं। इनमें अनिकेत खटीक खून से लथपथ जमीन पर पड़ा दिखाई दे रहा है। मौके पर चीख-पुकार मची हुई है। वीडियो में हमले के बाद का मंजर दिख रहा है। लोग घायल अनिकेत को बचाने के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, उसकी मां को आरोपी पक्ष के लोग गालियां देते नजर आए।

दो गिरफ्तार, छह आरोपियों की तलाश जारी

पुलिस ने इब्राहिमगंज निवासी आदित्य रैकवार उर्फ आदि (19) और प्रेम वस्कार (18) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों ने वारदात में शामिल होने की बात कबूल की है। मामले में अंकित, राघव समेत छह आरोपी अब भी फरार हैं। डीसीपी आयुष गुप्ता ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसीपी अरविंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में एसआईटी बनाई है।

इस टीम में हनुमानगंज थाना प्रभारी अवधेश सिंह भदौरिया, सब इंस्पेक्टर बीएस वर्मा के साथ क्राइम ब्रांच और साइबर टीम के पुलिसकर्मी शामिल हैं।

एसआईटी को फरार आरोपियों को पकड़ने के साथ ही वारदात में सभी की भूमिका पता लगाने और चाकू से हमला करने वालों की पहचान करने की जिम्मेदारी दी गई है। घटना में घायल अनिकेत की मां सुनीता अब खतरे से बाहर हैं। इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है।

छठ पूजा के लिए रेलवे की विशेष व्यवस्था, 20 से अधिक जोड़ी ट्रेनों का संचालन



स्टेशनों पर गूंज रहे छठी मैया के गीत, भीड़ नियंत्रण के लिए प्रवेश द्वार से ही लगवाई जा रही यात्रियों की कतारें

इंदौर। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को देखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। त्योहार के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंडल द्वारा 20 से अधिक जोड़ी विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इनमें सामान्य कोच वाली पूरी ट्रेनें भी शामिल हैं। रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि छठ पूजा के महत्व और श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशनों पर छठ पूजा तक छठी मैया के विशेष धार्मिक गीत प्रसारित किए जा रहे हैं। इसके माध्यम से यात्रियों को पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, त्योहार के दौरान ट्रेनों में होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन और रेलवे पुलिस सतर्क हैं। सामान्य कोच में यात्रा करने वाले यात्रियों को व्यवस्थित तरीके से ट्रेन में चढ़ाने के लिए स्टेशन के प्रवेश द्वार से ही कतारें लगवाई जा रही हैं, ताकि प्लेटफॉर्म पर अफरा-तफरी की स्थिति न बने। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और भीड़ नियंत्रण के लिए लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है।

लक्ष्मीनगर अनाज मंडी में 8131 रुपए में बिका मुहूर्त का सोयाबीन

111 ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार और 101 कन्याओं के पूजन के साथ हुआ दीपावली मिलन समारोह



इंदौर। बुधवार को लक्ष्मीनगर अनाज मंडी में दीपावली मुहूर्त और दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह भगवान गणेश और मां लक्ष्मी का पूजन किया गया। इसके बाद बैंड-बाजे, आतिशबाजी और गुब्बारे छोड़कर व्यापारी मुहूर्त नीलामी स्थल पहुंचे। यहां मुहूर्त सौदे में व्यापारियों ने सोयाबीन 8131 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा। मंडी के महामंत्री आनंद गर्ग ने बताया कि नीलामी के बाद दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 111 ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार और 101 कन्याओं के पूजन के साथ हुई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आकाश विजयवर्गीय और मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट उपस्थित रहे। इनके अलावा महासंघ के गोपालदास अग्रवाल, पूर्व पार्षद जयदीप जैन, पार्षद राहुल जायसवाल, अभय वर्मा, पवन वर्मा, योगेश गेंदर, लीलाधर करोसिया, मनोज काला, राजा अग्रवाल और प्रवीण गर्ग सहित अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर आकाश विजयवर्गीय ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए किसानों और व्यापारियों की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का आह्वान किया। तुलसी सिलावट ने भी व्यापारियों, श्रमिकों और किसानों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन मंत्री आनंद गर्ग ने किया। अध्यक्ष नारायण गर्ग और प्रवीण गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि आभार अवधेश गर्ग ने व्यक्त किया। अंत में व्यापारी, श्रमिक, किसान और अतिथियों ने अन्नकूट का भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

सोशल मीडिया पर छाई इंदौर ट्रैफिक पुलिस की मुहिम, एक माह में मिले 1.17 करोड़ व्यूज

ट्रैफिक डायवर्जन से लेकर सड़क सुरक्षा अभियान तक की जानकारी पहुंची नागरिकों तक, सोशल मीडिया बना पुलिस और जनता के बीच संवाद का माध्यम

इंदौर। शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए जा रहे प्रयासों को सोशल मीडिया पर नागरिकों का अच्छा सहयोग मिल रहा है। यातायात पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक माह में 1 करोड़ 17 लाख से अधिक व्यूज मिले हैं। इसके माध्यम से सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक डायवर्जन, जागरूकता अभियान और यातायात संबंधी नवाचारों की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाई जा रही है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आरके सिंह और पुलिस उपायुक्त (क्राइम/यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम के 17,750 फॉलोअर्स हैं, जहां 266 पोस्ट पर 1 करोड़ 1 लाख व्यूज मिले हैं। फेसबुक के 9,900 फॉलोअर्स और 165 पोस्ट पर 15 लाख 6 हजार व्यूज दर्ज किए गए हैं। वहीं, एक्स (ट्विटर) पर 2,812 फॉलोअर्स और 88 पोस्ट के माध्यम से 13,050 व्यूज मिले हैं।

इन पहलों को मिली सराहना- नवरात्रि और दीपावली सहित प्रमुख त्योहारों पर ट्रैफिक डायवर्जन और मार्ग परिवर्तन की जानकारी समय पर साझा की गई। डीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार त्रिपाठी सहित यातायात अधिकारियों द्वारा स्वयं चौराहों पर उतरकर व्यवस्था संभालने और माइक के माध्यम से वाहन चालकों को जागरूक करने की पहल को भी सराहना मिली। इसके अलावा स्कूलों और संस्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, ड्रोन सर्विलांस से यातायात की निगरानी, नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को जागरूकता अभियानों में सहभागी बनाना और जरूरतमंदों की मदद जैसे प्रयासों को भी सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। यातायात पुलिस के साथ स्काउट-गाइड कैडेट्स ने भी यातायात संचालन में सहयोग किया। वहीं, भारी और लोक परिवहन वाहनों के चालकों के आकस्मिक ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट जैसी कार्रवाई की जानकारी भी साझा की गई।

शिकायतों और सुझावों पर भी हो रही कार्रवाई- यातायात संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 'इंदौर ट्रैफिक साथी' एप और हेल्पलाइन नंबर 7049107620 का प्रचार भी किया जा रहा है। नागरिक सोशल मीडिया के माध्यम से मार्गों की स्थिति, यातायात समस्याओं और व्यवस्था में सुधार को लेकर सुझाव दे रहे हैं। इन शिकायतों और सुझावों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। यातायात पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म अब केवल सूचना देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पुलिस और नागरिकों के बीच सीधे संवाद का माध्यम बन रहे हैं। इसके जरिए नागरिक भी शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

इंदौर पुलिस के मध्यस्थता केंद्र ने 148 प्रकरणों में लौटाए 8 करोड़ रुपए से अधिक

1168 आवेदनों में से 87 प्रतिशत से अधिक का निराकरण, पारिवारिक और आर्थिक विवादों का आपसी सहमति से हो रहा समाधान

इंदौर। आम नागरिकों के पारिवारिक, आर्थिक और आपसी विवादों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान करने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से पुलिस आयुक्त कार्यालय, पलासिया में सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया था। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में संचालित इस केंद्र में प्रशिक्षित मध्यस्थता अधिकारियों द्वारा प्रत्येक सप्ताह सोमवार से गुरुवार तक प्रकरणों की सुनवाई की जाती है। यहां पति-पत्नी और पारिवारिक विवाद, रुपये-पैसों का लेन-देन, व्यापारिक विवाद, पड़ोसियों के विवाद, संपत्ति संबंधी मामले और मकान मालिक-किराएदार के विवादों को आपसी बातचीत एवं सहमति से सुलझाया जाता है। पुलिस आयुक्त कार्यालय की जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली इस तरह की शिकायतों को भी आवश्यकतानुसार केंद्र भेजा जाता है। यहां दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर उनकी बात सुनी जाती है और समझाइश के माध्यम से विवाद का समाधान कराया जाता है।



148 प्रकरणों में 8.04 करोड़ रुपए की राशि वापस दिलाई- केंद्र में प्रतिदिन लगभग 15 से 20 प्रकरणों की सुनवाई होती है, जिनमें से 8 से 10 का निराकरण आपसी सहमति से किया जा रहा है। अब तक प्राप्त 1168 आवेदनों में से 87 प्रतिशत से अधिक का निराकरण किया जा चुका है। वहीं, 148 प्रकरणों में समझौते के माध्यम से कुल 8 करोड़ 4 लाख 25 हजार 143 रुपए की राशि संबंधित आवेदकों को वापस दिलाई गई है। वर्षवार आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में 55 प्रकरणों का निराकरण कर 3 करोड़ 2 लाख 76 हजार 708 रुपए वापस दिलाए गए। वहीं, वर्ष 2026 में अब तक 93 प्रकरणों में 5 करोड़ 1 लाख 48 हजार 435 रुपए की राशि आपसी सहमति से वापस कराई गई है। सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से नागरिकों को सामान्य विवादों के समाधान के लिए सरल और प्रभावी मंच मिल रहा है। इससे लंबी कानूनी प्रक्रिया और अनावश्यक विवादों से बचते हुए आपसी समझ, विश्वास और सहमति के आधार पर समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।नोटः 2025 और 2026 के प्रकरणों का जोड़ 148 तथा दोनों वर्षों की राशि का जोड़ 8,04,25,143 रुपए है। आंकड़े आपस में मेल खाते हैं।



दिवाली पर भी
रणवीर का कब्जा

रणवीर सिंह का असर हम्ज़ा अली मजारी के रूप में सिल्वर स्क्रीन से परे देखने मिलना जारी है। दरअसल, रणवीर का यह आईकॉनिक किरदार इस साल के दिवाली सेलिब्रेशन का एक खास हिस्सा बनकर सामने आया है। मुंबई में हर तरफ त्यौहार का जश्न मनाते हुए लोगों को देखा जा सकता है, ऐसे में एक चीज ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है और वह है एक्टर की पटाखों के बॉक्स पर छपी तस्वीर, धुरंधरः द रेवेनेज के आइकॉनिक डायलॉग के साथ। पटाखा शॉप ने पटाखा हाउस नाम के ब्रांड पर छपी रणवीर के हम्ज़ा अली मजारी के रूप में तस्वीर के साथ डायलॉग 'अगर तुम्हारे पटाखे खत्म हो गए हो... तो मैं धमाका शुरू करूं' को भी देखा जा सकता है। इस क्रिएटिव तरीके ने पटाखे की दुकान को इंडियन सिनेमा में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले किरदारों में से एक का जश्न मनाने का पल बना दिया। इस तरह से क्रिएटिविटी को दिवाली के जोश के साथ हम्ज़ा के लार्जर दे लाइफ़ परसौना का मेल कहना गलत नहीं होगा। धुरंधर फ्रेंचाइजी के साथ रणवीर सिंह ने ऐसी परफॉर्मेंस दी है, जिसने देखते ही देखते दर्शकों के साथ अपना गहरा जुड़ाव बना लिया। फिल्म में रणवीर को जसकीरत सिंह रंगी और हम्ज़ा अली मजारी जैसे दो अलग किरदार निभाने के लिए दर्शकों द्वारा बेहद सराहा ही नहीं गया है बल्कि खूब प्यार भी मिला है। इस तरह से दर्शकों ने न सिर्फ उनकी वर्सेटिलिटी बल्कि ट्रांसफॉर्मेशन और कमांडिंग स्क्रीन प्रेजेंस का भी जश्न मनाया है। इस तरह से फिल्म ने न सिर्फ दर्शकों के दिलों में अपनी हमेशा के लिए जगह बना ली है बल्कि हम्ज़ा अली मजारी को इंडियन सिनेमा का हालिया सबसे आईकॉनिक किरदार भी बना दिया है। रणवीर सिंह ने अपनी परफॉर्मेंस से अपने जनरेशन के सबसे बेहतरीन एक्टर होने की चर्चा को हवा दी, इतना ही नहीं उनके द्वारा निभाए गए किरदार को दर्शकों ने लह्वज्ञ लेवल परफॉर्मेंस तक का नाम दिया। उन्होंने अपनी काबिलियत से दो बिलकुल अलग किरदारों को अपनी पर्सनैलिटी, इंटेंसिटी और इमोशनल गहराई के साथ जीवंत किया है, जिससे उनकी सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले परफॉर्मर के रूप में जगह और भी मजबूत हो गई है। मुंबई की एक पटाखों की दुकान ने अपनी दिवाली की ब्रांडिंग में हम्ज़ा अली मजारी के किरदार और उसके मशहूर डायलॉग को शामिल कर इसे खास अंदाज में सेलिब्रेट किया है। यह दिखाता है कि इस फ्रेंचाइजी का लोगों पर कितना असर पड़ा है। पर्दे पर फैंस का पसंदीदा बनने से लेकर आम बातचीत और अब दिवाली के जश्न तक, हमजा अली मजारी का किरदार सिनेमा की दुनिया से बाहर भी अपनी अलग पहचान बना चुका है।

इंदौर कॉन्सर्ट रद्द होने का दावा गलत
दिलजीत बोले- चैनल मसाला लगाकर दिखाते हैं

दिलजीत दोसांझ ने इंदौर कॉन्सर्ट रद्द होने की खबरें खारिज कर दी हैं। कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की 3 धमकियां मिलने के बीच सिंगर ने कहा है कि वो जरूर आएंगे और इंदौर में सबसे पहले पोहा खाएंगे। साथ ही उन्होंने न्यूज चैनलों पर मसाला लगाकर खबरें दिखाने का भी आरोप लगाया है। दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर कहा- '15 नवंबर को हम इंदौर आ रहे हैं। बहुत सारी न्यूज लगीं।



बहुत सारे चैनल्स ने मजे लिए। मसाला लगाकर चटकारे लगाकर खबरें सुनाईं। इसलिए मैं खबरों के मूड में हूं। मैं 15 तारीख को इंदौर आ रहा हूं। सबसे पहले हम आकर खाएंगे पोहा। 101 %, फिर एनर्जी लेकर चक देंगे चट्ट दे फट्टे। आपको फिक्र नहीं करनी है और न ही कोई खबर सुननी है।' आगे दिलजीत ने कहा, 'मैं तो कहता हूं, जिस इंसान को आराम की जिंदगी जीनी है, बेफिक्र होकर, टेंशन फ्री, वो इंसान खबरें न सुने। आप सुबह गुगल पर दुनिया की खबरें देख लो। वर्ना ये लोग मसाला लगा लगाकर, कोई पेशाब गया तो उसकी भी खबर लग जाती है। फिट्टे मुंह। पागल हैं साले। जिस पर खबरें नहीं बननी है, उस पर भी बना देते हैं। कुछ हो तो पहले स्पष्टीकरण तो करो। बोलने से पहले सोच लो, आप क्या बोल रहे हो। ढीठ, बेशर्म लोग हैं।'

3 बार मिली कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

हाल ही में ग्वालियर हाईकोर्ट और न्यायाधीश को धमकी भरा ईमेल भेजा है। 'खालिस्तानी नेशनल आर्मी' के नाम से दीपावली से पहले भेजे गए इस ईमेल में कॉन्सर्ट के दौरान बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। माता-पिता से बच्चों को शो में न भेजने को भी कहा गया है। इससे पहले इंदौर के महापौर कार्यालय और शहर के तीन स्कूलों को भी कार्यक्रम के संबंध में धमकी मिल चुकी है।

'बच्चे की परवरिश में माता-पिता दोनों की जिम्मेदारी निभा रही है महिला'

अभिनेत्री मानिनी डे जल्द ही आने वाली शॉर्ट फिल्म 'रक्स' में एक ऐसी महिला के किरदार में नजर आएंगी, जो पति को खोने के बाद अकेले अपने बच्चे की परवरिश कर रही है। फिल्म में उनका किरदार एक विधवा मां का है, जो खुद अपने दुख से उबरने की कोशिश कर रही है और साथ ही अपने छोटे बेटे को भी संभाल रही है। अभिनेत्री ने बातचीत में अपने किरदार, फिल्म के गंभीर विषय और इसके निर्देशक व निर्माता के साथ काम करने के अनुभव के बारे में बात की। मानिनी ने बताया, ''रक्स' में मैं एक विधवा मां का किरदार निभा रही हूं, जिसका एक छोटा बेटा है। वह अपने साथी को खोने के गम से जूझ रही है। एक तरफ उसे अपने दुख से बाहर निकलना है, वहीं दूसरी तरफ बच्चे की परवरिश भी करनी है। वह मां और पिता दोनों की जिम्मेदारियां निभा रही है। उन्होंने आगे कहा, ''वह अपने बच्चे की जरूरतें पूरी करने और उसे समय देने की पूरी कोशिश करती है। लेकिन कहानी आगे बढ़ने के साथ वह खुद को एक ऐसे चक्र में फंसा हुआ पाती है, जहां उसे खुद से नफरत होने लगती है और वह बेबस महसूस करती है। इसकी वजह वह घटना है, जो उसके बच्चे के साथ उस समय होती है, जब वह उसके बेहतर भविष्य के लिए घर से बाहर काम करने जाती है। फिल्म में मेरा लुक आज के दौर की कामकाजी महिला जैसा है। शॉर्ट फिल्मों को लेकर अपनी पसंद के बारे में बात करते हुए मानिनी ने कहा कि उन्हें हमेशा से इस फॉर्मेट की फिल्में पसंद रही हैं। कम समय में किसी गंभीर और असरदार बात को दर्शकों तक पहुंचाना अपने आप में एक खास हुनर है। उन्होंने कहा, ''फिल्म की कहानी, उसकी लिखावट और उसे पर्दे पर दिखाने का तरीका इस फॉर्मेट को खास बनाता है। हालांकि, कम समय, सीमित बजट और छोटे स्तर पर फिल्म बनाने की चुनौतियां भी होती हैं।'' मानिनी ने फिल्म के विषय को इंसानियत से जुड़ा बेहद जरूरी मुद्दा बताया। उन्होंने कहा, '''रक्स' का विषय पूरी इंसानियत के लिए अहम है। यह किसी भी जीवित प्राणी, चाहे वह इंसान हो या जानवर, के खिलाफ होने वाले सबसे जघन्य अपराधों में से एक के खिलाफ हमारी आवाज है।

Salman Khan की 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का ट्रेलर रिलीज
युद्ध के बीच दिखी देशभक्ति और बलिदान की कहानी

सलमान खान की आने वाली फिल्म 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करीब साढ़े चार मिनट के इस ट्रेलर में देशभक्ति, युद्ध, सैनिकों के बलिदान और उनके परिवारों की भावनाओं को दिखाया गया है। सलमान एक बार फिर दमदार एक्शन करते नजर आ रहे हैं, लेकिन फिल्म की कहानी सिर्फ दुश्मनों से लड़ने तक सीमित नहीं है। इसमें उन परिवारों का दर्द भी दिखाया गया है, जो हर दिन अपने जवानों के सुरक्षित घर लौटने की उम्मीद लगाए रहते हैं।

युद्ध के मैदान से आगे की कहानी दिखाता है ट्रेलर- ट्रेलर की शुरुआत एक सैनिक की जिंदगी की झलक से होती है। वर्दी पहनकर देश की रक्षा करने वाले जवानों के लिए ड्यूटी सबसे पहले होती है, लेकिन उनके पीछे एक परिवार भी होता है। किसी के घर में पत्नी इंतजार कर रही है, तो कोई अपने बच्चों से दूर रहकर देश की सुरक्षा में तैनात है। फिल्म इसी इंतजार और अनिश्चितता को कहानी का हिस्सा बनाती है। सैनिक जब घर से निकलते हैं, तो उनके परिवारों के मन में हमेशा यह डर रहता है कि



कहीं यह आखिरी मुलाकात न हो। ट्रेलर में इस भावनात्मक पहलू को खास जगह दी गई है।

एक्शन के साथ शानदार विजुअल्स और सिनेमैटोग्राफी- फिल्म में सलमान खान के दमदार एक्शन के साथ हाथों से होने वाली लड़ाई और बड़े स्तर पर फिल्माए गए युद्ध के दृश्य देखने को मिलते हैं। शानदार विजुअल्स और सिनेमैटोग्राफी ट्रेलर को भव्य बनाते हैं। हालांकि, कहानी केवल जीत और हार की बात नहीं करती। इसमें युद्ध के उन नतीजों को भी दिखाने की कोशिश की गई है, जिनका असर सैनिकों के साथ उनके परिवारों और आम लोगों पर भी पड़ता है। फिल्म का संदेश है कि देश की रक्षा और शांति की उम्मीद, दोनों की अपनी अहमियत है।

चित्रांगदा सिंह के साथ दिखी सलमान की केमिस्ट्री- ट्रेलर में सलमान खान अपने परिचित एक्शन अंदाज में नजर आ रहे हैं। वहीं चित्रांगदा सिंह के साथ उनकी केमिस्ट्री कहानी में भावनात्मक पहलू जोड़ती है। दोनों की मौजूदगी के साथ फिल्म के लोकेशन और बैकग्राउंड म्यूजिक भी ध्यान खींचते हैं।

हार्दिक को विदाई और अर्शदीप का स्वागत



मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर साझा किया पोस्ट

मुंबई । मुंबई आईपीएल 2024 से आईपीएल 2026 तक मुंबई इंडियंस (एमआई) के कप्तान रहे स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या का नाता अब इस टीम से टूट चुका है। एमआई ने सोशल मीडिया पर हार्दिक को उनके आगे के सफर के लिए शुभकामना भी दे दिया है। साथ ही एमआई ने अपने साथ जुड़े अर्शदीप सिंह का स्वागत किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एमआई ने कई पोस्ट साझा करते हुए अपने कप्तान हार्दिक को बधाई दी है। एमआई ने अपने सबसे पहली पोस्ट में लिखा, 'हार्दिक, ब्लू एंड गोल्ड को जोश और गर्व के साथ रिप्रेजेंट करने के लिए धन्यवाद। हम आपको आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं देते हैं। '

एक अन्य पोस्ट में हार्दिक की प्रशंसा में एमआई ने लिखा, 'उतार-चढ़ाव के बीच, मुंबई इंडियंस की कहानी का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद, हार्दिक।' हार्दिक पंड्या आईपीएल 2027 में पंजाब किंग्स की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। वह ट्रेड डील के तहत 18 करोड़ में पंजाब से जुड़े हैं। 2019 से पंजाब किंग्स का हिस्सा रहे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अब मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं।

एमआई ने पंजाब किंग्स से हार्दिक के बदले अर्शदीप सिंह को अपने साथ जोड़ा है। अर्शदीप भी 18 करोड़ में एमआई से जुड़ें हैं। एमआई ने सोशल मीडिया पर अर्शदीप सिंह की एक छोटी वीडियो साझा करते हुए टीम में उनका स्वागत किया है। एक अन्य पोस्ट में एमआई ने जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की फोटो साझा करते हुए लिखा है, 'प्रिय बल्लेबाजों, स्टंप उड़ेंगे, किनारे उड़ेंगे। उंगलियां ऊपर जाएंगी। और वो पैर की उंगलियां? बेहतर होगा कि उन्हें बचाकर रखें। यह कॉम्बो जल्द ही जोड़ों में शिकार करेगा, सिर्फ टी20 आई में ही नहीं बल्कि आईपीएल में भी। '

जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की जोड़ी टी20 फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए गेंदबाजी की शुरुआत करती है और दुनिया की सबसे खतरनाक गेंदबाजी जोड़ी मानी जाती है। इन दोनों को साथ पाकर मुंबई इंडियंस बेहद खुश है। पंजाब किंग्स ने भी एक्स पर अर्शदीप सिंह के टीम से अलग होने की जानकारी देते हुए लिखा, 'एक युवा शेर से एक ऐसा नाम जिसने पंजाब को गर्व महसूस कराया। अर्शदीप, यहां हमेशा आपका घर रहेगा।'



हार्दिक का आना आईपीएल खिताब की तरफ एक जरूरी कदम : पंजाब किंग्स सीईओ सतीश मेनन

नई दिल्ली । नई दिल्ली पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के सीईओ सतीश मेनन ने बुधवार को प्रीमियर सीम-बॉलिंग ऑल-राउंडर हार्दिक पांड्या को साइन करने को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टाइटल जीतने की फ्रेंचाइजी की कोशिश में एक जरूरी कदम बताया।



बीसीसीआई ने बुधवार को आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि पंड्या मुंबई इंडियंस (एमआई) से एक ट्रेड डील में पंजाब किंग्स में शामिल हुए। डील के तहत बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस में शामिल हो गए। ट्रेड प्रक्रिया लगभग एक सप्ताह से चल रही थी। पंजाब किंग्स अभी तक कोई आईपीएल खिताब नहीं जीता है। उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन 2014 और 2025 में रहा है, जब टीम फाइनल में पहुंची थी।

मेनन ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'हमें हार्दिक का पंजाब किंग्स परिवार में स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। वह एक साबित मैच-विनर है, जो जबरदस्त अनुभव, आत्मविश्वास और जीतने की सोच लेकर आए है। बैट और बॉल दोनों से गेम का रुख बदलने की उनकी काबिलियत उन्हें हमारी टीम के लिए एक कीमती बनाती है। हम आईपीएल के 20वें सीजन में कदम रख रहे हैं, हमारा फोकस एक ऐसी टीम बनाने पर है जो सबसे ऊंचे लेवल पर मुकाबला कर सके और ट्रॉफी पंजाब घर ला सके। हार्दिक का आना उस दिशा में एक जरूरी कदम है। '

मेनन ने अर्शदीप के पंजाब किंग्स से मुंबई इंडिया का हिस्सा बनने पर कहा, 'अर्शदीप कई सालों से पंजाब किंग्स का अहम हिस्सा रहे हैं, और यह हमारे लिए भी एक भावुक पल है। हमने उन्हें देश के सबसे बेहतरीन तेज गेंदबाजों में से एक बनते देखा है, और हमें उनके सफर पर बहुत गर्व है।

उन्होंने मैदान पर और मैदान के बाहर, दोनों जगह फ्रेंचाइजी के लिए बहुत योगदान दिया है, और पंजाब किंग्स परिवार में हमेशा एक खास जगह रखेंगे। हम उन्हें हर चीज के लिए धन्यवाद देते हैं और उनकी लगातार सफलता की कामना करते हैं। '

मास्टर ब्लास्टर का फैंस को बड़ा तोहफा

संन्यास की 13वीं वर्षगांठ पर MCA म्यूजियम को भेंट करेंगे 26 खास बल्ले और यादगार चीजें

क्रिकेट के मैदान पर अपनी बल्लेबाजी से कई पीढ़ियों को रोमांचित करने वाले सचिन तेंदुलकर अब अपने करियर की अनमोल यादें क्रिकेट प्रेमियों के साथ साझा करने जा रहे हैं। मास्टर ब्लास्टर अपने करियर में इस्तेमाल किए गए 26 खास बल्ले और कई यादगार चीजें मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) को भेंट करेंगे। इन सभी चीजों को मुंबई के शरद पवार क्रिकेट म्यूजियम में प्रदर्शित किया जाएगा। इससे क्रिकेट प्रशंसकों को सचिन की ऐतिहासिक पारियों और उनके लंबे क्रिकेट सफर से जुड़ी चीजों को करीब से देखने का मौका मिलेगा।इस खास संग्रह का अनावरण 16 नवंबर को एक विशेष कार्यक्रम में किया जाएगा। प्रदर्शनी को 'बैटोग्राफी' (Batography) नाम दिया गया है। इसमें सचिन के अलग-अलग क्रिकेट दौर को उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए बल्लों के जरिए दिखाया जाएगा। संग्रह में वे बल्ले भी शामिल हैं, जिनसे उन्होंने अपने 100 इंटरनेशनल शतकों में से कुछ यादगार शतक लगाए थे।



बल्लों के साथ हेलमेट, जर्सी और निजी नोट्स भी होंगे प्रदर्शित- इस प्रदर्शनी की खास बात यह है कि इसमें सिर्फ सचिन के बल्ले ही नहीं, बल्कि उनके क्रिकेट करियर से जुड़ी कई दूसरी चीजें भी रखी जाएंगी।

रिटायर्ड अफसरों पर भी लागू होगी आचार संहिता

5 राज्यों में चुनाव से पहले चुनाव आयोग का फैसला

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने आचार संहिता को लेकर एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत आचार संहिता सिर्फ मौजूदा सरकारी कर्मचारियों पर ही नहीं, बल्कि रिटायर होकर फिर से सरकार के लिए काम कर रहे अफसरों और लोगों पर भी लागू होगी। आयोग ने यह फैसला कुछ लोगों पर सरकारी पद के गलत इस्तेमाल की शिकायतों के बाद लिया। अब उन्हें राजनीतिक निष्पक्षता बनाए रखनी होगी और चुनाव प्रचार या कैंपेनिंग से दूर रहना होगा। चुनाव आयोग ने इस फैसले को लेकर गोवा, मणिपुर, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को 9 नवंबर को लेटर भेजा है। आयोग ने चुनाव वाले क्षेत्रों में अधिकारियों के साथ बैठकें और वीडियो कॉन्फ्रेंस करने पर भी रोक लगाई है। **शिकायतों के बाद आयोग का फैसला-** एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले भी ऐसी शिकायतें मिली थीं। इनमें कहा गया था कि राज्य सरकारों से अलग-अलग भूमिकाओं में जुड़े रिटायर्ड अधिकारी चुनाव के दौरान सरकारी अधिकारियों की बैठकें बुलाते हैं।



10 महीने में 16 फीसदी गिरा बाजार

महीने भर में रिकवरी

● सेंसेक्स 400 अंक चढ़कर 81,500 पर, निफ्टी में 100 अंक की तेजी

मुंबई (एजेंसी)। शेयर बाजार में सेंसेक्स बुधवार को 400 अंक चढ़कर 81,500 के पार पहुंच गया। यानी, इसमें 0.5 फीसदी की बढ़त है और इससे निवेशकों की दौलत 6 लाख करोड़ से ज्यादा बढ़ गई। इधर, निफ्टी 100 अंक की तेजी के साथ 25,130 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसमें 0.34 फीसदी की तेजी है। आज बैंकिंग और ऑटो शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त है। 1 जनवरी 2026 को सेंसेक्स 85,188 के स्तर पर था। इसके बाद बाजार में गिरावट का सिलसिला शुरू हुआ और 1 अक्टूबर को सेंसेक्स 71,292 के इस साल के सबसे निचले स्तर पर आ गया। इस दौरान बाजार 16 फीसदी या 13,896 अंक टूटा। 1 अक्टूबर को 71,292 का निचला स्तर छूने के बाद बाजार में तेजी आई। बीते एक महीने में सेंसेक्स 15 फीसदी या 11,228 अंक बढ़कर 82,520 के स्तर पर पहुंच गया है, जिससे पिछले 10 महीनों में हुई गिरावट की लगभग भरपाई हो गई है।



शेयर बाजार में तेजी की तीन बड़ी वजह

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट : अमेरिका ने कहा है कि वो ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नहीं करेगा, जिससे मिडिल ईस्ट से तेल की सप्लाई रुकने या प्रभावित होने का डर कम हो गया है। इस खबर के बाद ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतें घटकर दो महीने के निचले स्तर यानी 89.16 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। भारत अपनी जरूरत का 80 फीसदी से ज्यादा कच्चा तेल विदेशों से खरीदता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल सस्ता होने पर बिल घट सकता है।

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकी हमला

तीन जवान गंभीर रूप से घायल इलाके की सुरक्षा की गई सख्त



श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने सीआरपीएफ के अखरान कैंप में नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर फायरिंग कर दी। घटना करीब 2.15 बजे की है। इसमें तीन जवान घायल हो गए।

उन्हें अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायरिंग के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सुरक्षाबल हमलावरों की तलाश में जुटे हैं। हालांकि किसी आतंकी संगठन ने तत्काल इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन माना जा रहा है कि यह हमला लश्कर ए तैयबा का हिट स्क्वाड कहे जाने वाले द रजिस्टेंस फ्रंट टीआरएफ के आतंकी लतीफ बट के माडयूल ने किया है। जानकारी के अनुसार, कुलगाम के आखरन नौपुरा में बुधवार की दोपहर को आतंकियों ने सीआरपीएफ 46वीं वाहिनी के जवानों ने एक नाका लगाया हुआ था। नाका पार्टी वहां से गुजरने वाले वाहनों व लोगों की जांच पड़ताल कर रही थी। लगभग सवा दो बजे के करीब दो युवक नाके पास पहुंचे हमला कर दिया।

अब एनएसजी कमांडो की बदलेगी यूनिफॉर्म

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्लैक कैट कमांडो की मशहूर काली वर्दी अब बदलने जा रही है। वजह है- भयंकर गर्मी। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) ने अपने वीआईपी सुरक्षा में लगे कमांडो के लिए नई ब्रीदेबल यानी सांस लेने वाली यूनिफॉर्म बनाने की सिफारिश की है। ये यूनिफॉर्म नायको कपड़े से बनेगी, जिसमें नायलॉन और कॉटन होता है। यह कपड़ा हवा और नमी को आसानी से बाहर निकलने देता है। अप्रैल में विजयवाड़ा में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में तैनात कमांडो करीब 44 डिग्री तापमान में बेहोश हो गया था। इसके बाद ही यह फैसला लिया गया। एनएसजी को उम्मीद है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा तक कमांडो नई यूनिफॉर्म पहनने लगेंगे। एनएसजी के सूत्रों ने बताया कि अप्रैल 2026 में हुई एक घटना के बाद नई यूनिफॉर्म का फैसला लिया गया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सुरक्षा में तैनात एक एनएसजी कमांडो ड्यूटी के दौरान ही बेहोश होकर गिर गया। उस दिन विजयवाड़ा में तापमान लगभग 44 डिग्री था। कमांडो ने काली ओवरऑल यूनिफॉर्म के ऊपर 6 किलो की बुलेटप्रूफ जैकेट पहन रखी थी। सिर पर काली बेरेट थी और कमर पर छोटे हथियार लगे थे। कमांडो को हीटस्ट्रोक और थकान हुई। घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एनएसजी की क्लोज प्रोटेक्शन फोर्स के कमांडरों ने घटना को गंभीरता से लिया।

बिरसा मुंडा की जयंती भव्य तरीके से मनाएगी एमपी की सरकार

खंडवा, जबलपुर, धार और जोबट में अबकी होगा बड़ा कार्यक्रम

राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल और सीएम डॉ. यादव होंगे शामिल

भोपाल। मध्य प्रदेश में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर राज्य में त्रिदिवसीय जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन 14, 15 और 16 नवंबर को होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम मोहन यादव राज्यस्तरीय समारोह में 14 नवंबर को जबलपुर, 15 को धार और जोबट, 16 नवंबर को खंडवा में मौजूद रहेंगे। धार के कार्यक्रम में वीसी के जरिए पीएम मोदी भी जुड़ेंगे। 15 नवंबर को धार में बड़ा कार्यक्रम होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और सीएम मोहन भी यहां पहुंचेंगे। मोहन यादव धार में रोड शो भी करेंगे। इस दौरान वह ग्रामीणों के बीच जाएंगे और शासकीय योजनाओं के बारे में फीडबैक लेंगे। पीएम मोदी भी लोगों को वीसी के जरिए संबोधित करेंगे।



दो जिलों की बदलेगी तस्वीर- इसके साथ ही जनजातीय बहुल धार जिले में नवनिर्मित डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना का लोकार्पण करेंगे। मां नर्मदा के जल से सिंचित होने वाली यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना धार और आलीराजपुर दो जिलों के कुल 126 गांवों के किसानों के लिए खेती-किसानी की समृद्धि और नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट से धार जिले के 84 गांव में सिंचाई होगी।

अरे प्रदूषण हुआ है तो समाप्त भी हो जाएगा, काहे चिंता कर रहे

लखनऊ (एजेंसी)। अगर पब्लिक एक दिन आतिशबाजी कर ले तो प्रदूषण हो गया। अरे हुआ है तो समाप्त भी हो जाएगा...। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बातें बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहीं। सीएम योगी ने इस दौरान राजस्व विभाग के लिए चुने गए 1146 कनिष्ठ सहायकों को नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 215 करोड़ रुपये की सहायता राशि का भी वितरण किया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने दीपावली पर पटाखे जलाने के मुद्दे पर भी अपने अंदाज में जवाब दिया। सीएम योगी ने कहा, साल 2017 से पहले कोई भी त्योहार आता था, चाहे होली हो, दीपावली हो, विजयादशमी हो, जन्माष्टमी हो, शिवरात्रि हो, क्रिसमस हो, ईद हो, गुरु पर्व हो या मकर संक्रांति, हर त्योहार से पहले दंगे शुरू हो जाते थे। पीएसी बल दंगाइयों का काल था, लेकिन समाजवादी पार्टी की सरकार ने यूपी पीएसी की 34 कंपनियां भी समाप्त कर दी। महीनों-महीनों तक कर्फ्यू लगे रहते थे, लेकिन अब आपने देखा होगा कि धनतेरस के दिन पूरी मार्केट में चहल-पहल थी। अयोध्या का दीपोत्सव शानदार रहा।

दीपावली पर आतिशबाजी के विरोधियों को सीएम योगी ने दिया जवाब



मैं भी अयोध्या में आतिशबाजी में था- अपने भाषण में सीएम योगी ने आगे कहा, आप सभी ने दीपावली मनाई और कुछ लोग कह रहे हैं कि पटाखे जलाने से प्रदूषण हो गया। अरे प्रदूषण हुआ है तो समाप्त भी हो जाएगा। काहे चिंता कर रहे हो, जिन लोगों ने अपने भ्रष्ट कारनामों से पूरे सिस्टम को प्रदूषित किया, उन्हें कोई नहीं बोलता। अगर लोगों ने एक दिन पटाखे जला लिए तो प्रदूषण हो गया, अरे हुआ है तो खत्म भी हो जाएगा। अच्छा हुआ, लोगों ने खूब आतिशबाजी की और दीपावली धूमधाम से मनाई।

ओवैसी और चंद्रशेखर ने बनाया यूपी के लिए नया मोर्चा

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अगले साल फरवरी-मार्च में संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन और यूपी के सांसद चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आजाद समाज पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन हो गया है। ओवैसी और चंद्रशेखर ने मिलकर उत्तर प्रदेश में तीसरा मोर्चा बना लिया है। इस मोर्चे का ऐलान 12 नवंबर को होने की संभावना है। बताया जाता है कि एआईएमआईएम और एएसपी मिलकर उत्तर प्रदेश की 150 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली हैं। एआईएमआईएम के प्रवक्ता शादाब चौहान ने कहा है कि, ऐसा विकल्प जनता के बीच होना चाहिए जो दलित मुस्लिम वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाला हो और उनको राजनीतिक और सामाजिक न्याय दिलाने वाला हो। चीजें बहुत जल्द स्पष्ट होंगी।

नो कर्फ्यू-नो दंगा यूपी में अब सब चंगा

सीएम योगी ने कार्यक्रम में कहा, पहले की सरकारों में कर्फ्यू की वजह से व्यापार प्रभावित होता था, त्योहार प्रभावित होते थे। लेकिन, पिछले साढ़े 9 साल में नो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में अब सब चंगा। चंगा है तो अब नौकरियां भी उसी रफ्तार से निकल रही हैं। अकेले राजस्व विभाग में अभी तक 10836 नियुक्तियां हुई हैं। 1146 नियुक्तियां आज हो रही हैं। आने वाली 26 जनवरी तक हर पांचवें दिन नियुक्ति पत्र बांटने का कार्यक्रम इसी तरह चलता रहेगा।